-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.07.2022

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **आपरेशन क्लीन के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा थाना तिन्दावारी में हुई 02 बड़ी चोरियों का किया गया सफल अनावरण। अभियुक्त द्वारा दिनांक 01.07.2022 को बेन्दा घाट तथा दिनांक 06.07.2022 को अमलीकौर में चोरी की घटनाओं को दिया गया था अंजाम।**
- **मुख्य अभियुक्त अनुज ने लगभग 3.5 लाख के सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर अपने 02 साथियों शैलेन्द्र व संगम को दिये थे बेच।**
- **चोरी के ही एक अन्य मामले में मुख्य अभियुक्त जेल में था बन्द। दिनांक 30.06.2022 को जेल से छुटने के बाद चोरी की 02 घटनाओं को दिया था अंजाम।**
- **मुख्य अभियुक्त अनुज अभ्यस्त किस्म का है अपराधी, चोरी करने के साथ साथ घुम-घुम कर अवैध मादक पदार्थों की करता था बिक्री।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गये लगभग 3.5 लाख के सोने व चांदी के जेवरात, 11500/ रुपये नकद के साथ 1.1 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद।**

<u>विवरण-</u> पुलिस अधीक्षक बांदा के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में आज दिनांक 17.07.2022 को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा थाना तिन्दवारी क्षेत्र के बेंदा और अमलीकौर में हुई चोरियों का सफल अनावरण करते हुये चोरी की घटना में शामिल व चोरी का सामान खरीददारी करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये चोरी किया गया सामान बरामद किया गया। गौरतलब हो कि अमलीकौर निवासी मुख्य अभियुक्त अनुज उर्फ दादा भाई चोरी के एक अन्य मामले में जेल में बन्द था जिसमें वह दिनांक 30.06.2022 को जमानत पर बाहर आया था उसके द्वारा दिनांक 01.07.2022 को बेंदा निवासी भरत सिंह तथा दिनांक 06.07.2022 को अमलीकौर निवासी नरेन्द्र कुमार सिंह के घर में सोने चांदी के जेवरात व नकदी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। उसने चोरी किये गये चांदी के जेवरातों को थाना सजेती जनपद कानपुर नगर निवासी शैलेन्द्र सिंह व चांदी के जेवरातों को ग्राम धौसड़ थाना तिन्दवारी निवासी संगम सोनी को बेच दिये थे। पुलिस द्वारा गहन जांच करते हुये मुख्य अभियुक्त सहित 03 अभियुक्तों गिरफ्तार करते हुये चोरी किये गये जेवरात व नकदी बरामद की गयी। पूछताछ में पाया गया कि मुख्य अभियुक्त अनुज अभ्यस्त किस्म का अपराधी है तथा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के साथ साथ अवैध मादक पदार्थों की बिक्री भी करता था उसके कब्जे से 1.1 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

<u>बरामदगी-</u>

- सोने के आभूषण- गले का हार 01 अदद, अगूंठी 05 अदद, झुमका 01 जोड़ी, टप्स 02 जोड़ी, नाक की कील 01 अदद।
- चांदी के आभूषण- बच्चो का चुड़ा 08 अदद, तोड़िया 14 अदद, बिछिया 16 अदद, अगूंठी 02 अदद।
- 11500/ रुपये नगद।
- अवैध गांजा 1.1 किलोग्राम।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

- अनुज उर्फ दादा भाई पुत्र स्व0 प्रताप सिंह निवासी डगरा डेरा मजरा अमलीकौर थाना तिन्दवारी बांदा
- शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ शीलू पुत्र भूप सिंह निवासी रामपुर थाना सजेती जनपद कानपुर नगर।
- संगम सोनी पुत्र छेदी प्रसाद सोनी निवासी ग्राम धौसड़ थाना तिन्दवारी बांदा।

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम-</u>

1. थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार सिंह
2. उ0नि0 राधा कृष्ण तिवारी प्रभारी चौकी बेंदा घाट।
3. का0 पुष्पेन्द्र सिंह
4. का0 रितिक राय
5. का0 प्रशान्त कुमार